# शुचिता और गरीबों की सेवा का प्रतीक रहे तिवारी : तोमर

## विधानसभा अध्यक्ष तथा उप मुख्यमंत्री ने पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री स्व .रमाकांत तिवारी को किया नमन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, चाकघाट के नेहरू स्मृति कालेज में पूर्व मंत्री स्वर्गीय रमाकांत तिवारी की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि स्वर्गीय रमाकांत तिवारी गरीबों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते थे.**




मंत्री के रूप में और विपक्ष में रहकर विधायक के रूप में उन्होंने सदैव त्योंथर क्षेत्र के विकास और गरीबों के कल्याण को अपने जीवन का ध्येय बनाए रखा. उनका जीवन राजनैतिक शुचिता और गरीबों की सेवा का प्रतीक है. उन्होंने गरीबों के लिए जो कार्य किए उसकी स्मृति आज भी पूरे त्योंथर क्षेत्र में है. उन्हें पार्टी और सरकार में जो भी भूमिका दी गई उसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वाह किया. वर्तमान पीढ़ी के राजनैतिक व्यक्तियों के लिए श्री तिवारी का जीवन और कार्य प्रेरणा के स्रोत हैं. उनके संघर्ष को कई पीढ़ियाँ याद रखेंगी. भगवान ने जैसा शानदार जीवन तिवारी जी को दिया था वैसा ही जीवन हम सबको मिल जाए तो हमारा जीवन सार्थक हो जाएगा. समारोह की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय रमाकांत तिवारी फूलों की तरह कोमल और आवश्यकता होने पर वज्र की तरह कठोर हो जाते थे. उनके दरवाजे हर समय गरीबों के लिए खुले रहते थे. जो व्यक्ति उनके पास पहुंच गया उसका श्री तिवारी नि:स्वार्थ भाव से मदद करते थे. उन्होंने जो राजनैतिक आदर्श प्रस्तुत किया उसकी वर्तमान में बहुत आवश्यकता है. तिवारी जी का पूरे त्योंथर क्षेत्र में डंका बजता था. त्योंथर का बड़ा पुल, उद्वहन सिंचाई परियोजना, जवा-सितलहा पुल जैसे सभी नए निर्माण कार्यों का श्रेय श्री तिवारी को ही है. उन्होंने अपने पराक्रम, निडरता और गरीबों की मदद के भाव से इस क्षेत्र के हर व्यक्ति के मन में जगह बना ली है. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय रमाकांत तिवारी के संबंध में कहा जाता था कि जिसका कोई नहीं है, तिवारी जी उसके साथ हैं. यह बात सौ प्रतिशत सही है. त्योंथर में बाढ़ की विभीषिका रही हो, डकैत समस्या या सूखे का प्रकोप सभी में स्वर्गीय तिवारी आम जनता के बीच खड़े दिखाई देते थे. त्योंथर में विकास के सभी प्रमुख कार्यों का श्रेय स्वर्गीय तिवारी को ही है. उनके पुत्र कौशलेश तिवारी भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं. समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने स्वर्गीय श्री तिवारी के व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने चाकघाट में सांदीपनि विद्यालय खोलने और बाईपास निर्माण की मांग रखी. समारोह में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, सुनील पाण्डेय, कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश तिवारी, राम सिंह, अखंड प्रताप सिंह, अनिल जायसवाल स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा आम जन उपस्थित रहे.

### अतिथियों का किया सम्मान



समारोह के अंत में स्वर्गीय तिवारी के परिजनों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, सांसद, विधायकगणों तथा अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया. समारोह में आभार व्यक्त करते हुए श्री कौशलेश तिवारी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष जी हमारे मार्गदर्शक, संरक्षक हैं. उप मुख्यमंत्री जी ने सदैव विकास कार्यों में त्योंथर की जनता को सहयोग दिया है.

# छ: घंटे में जयंत ज्वेलर्स डकैती का खुलासा

## अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 18 सितम्बर। जयंत के बजरंग कॉम्प्लेक्स स्थित कंचन ज्वेलर्स में हुई हथियारबंद डकैती का पुलिस ने महज छ: घंटे में खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्रकारों को रीवा रेंज के महानिरीक्षक गौरव राजपूत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हेमंत सिंह चौहान एवं एसपी सियाज केएम ने कार्रवाई की जानकारी दी।**



पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम करीब 5:50 बजे पांच हथियारबंद बदमाश कंचन ज्वेलर्स में घुसे और पिस्टल-कट्टे लहराकर संचालक व कर्मचारियों को धमकाया। बदमाश करीब 300 ग्राम सोने के आभूषण, 200 ग्राम चांदी के आभूषण और 2.50 लाख रुपये नकद लूटकर फरार हुए। विरोध करने पर फायरिंग की गई, जिसमें कर्मचारी राहुल कुमार विश्वकर्मा के हाथ में गोली लगी। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी कर सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले और उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड पुलिस को अलर्ट किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीमों ने संदिग्ध मोटरसाइकिलों का पीछा किया।

### एसपी के नेतृत्व में डकैती का त्वरित खुलासा

पुलिस ने लकी कुमार पासवान, अनुराग कुमार चंद्रवंशी और रोशन स्वीपर को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 200 .7 ग्राम सोने के जेवर, 205 .410 ग्राम चांदी, 1.04 लाख रुपये नकद, दो अपाचे मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, एक पिस्टल और दो कट्टे बरामद किए गए हैं। कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक सियाज केएम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। बताया गया कि वारदात के बाद एसपी ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए पूरी रात स्वयं मोर्चा संभाले रखा और टीमों के साथ लगातार कार्रवाई की निगरानी की। पुलिस के अनुसार गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में अलग-अलग राज्यों में टीमें भेजी गई हैं।



# विंध्याचल को चौथे वर्ष मिला उत्कृष्ट ऊर्जा दक्ष इकाई पुरस्कार

## ऊर्जा प्रबंधन में एनटीपीसी विंध्याचल का उत्कृष्ट प्रदर्शन, किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 18 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल ने ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी निरंतर उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए 27वें राष्ट्रीय ऊर्जा प्रबंधन उत्कृष्टता पुरस्कार में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए।**



भारतीय उद्योग परिसंघ के ऊर्जा दक्षता परिषद द्वारा आयोजित इस समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष उत्कृष्ट ऊर्जा दक्ष इकाई पुरस्कार तथा लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। थर्मल पावर प्लांट्स की सामान्य श्रेणी में आयोजित इस प्रतियोगिता में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों एवं राज्य विद्युत उत्पादकों ने भाग लिया। इस उपलब्धि से एनटीपीसी विंध्याचल की ऊर्जा प्रबंधन एवं ऊर्जा दक्षता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है तथा यह ताप विद्युत क्षेत्र में एक अनुकरणीय मानक के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से किरण कुमार बंटू अपर महाप्रबंधक प्रचालन एवं राम सेवक जायसवाल उप महाप्रबंधक ईईएमजी ने आज शुक्रवार को हैदराबाद स्थित एचआईसीसी में आयोजित समारोह में स्टेशन की ऊर्जा प्रबंधन संबंधी पहलों का प्रस्तुतिकरण किया तथा स्टेशन की ओर से दोनों पुरस्कार प्राप्त किए। यह उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल की ऊर्जा दक्षता, सतत सुधार एवं उत्कृष्ट संचालन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# चितरंगी महाविद्यालय में ओएसडी का औचक निरीक्षण

## कक्षाओं से विभागों तक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 18 सितम्बर। शासकीय जगन्नाथ सिंह स्मृति महाविद्यालय चितरंगी में 18 सितंबर को उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ओएसडी डॉ. आजाद मंसूरी ने औचक निरीक्षण किया।** कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, सतपुड़ा भवन भोपाल के निर्देशों के तहत किए गए निरीक्षण का उद्देश्य महाविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लेना रहा। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय में कक्षाएं नियमित रूप से संचालित मिलीं। ओएसडी ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों और विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी ली। सेवा संकल्प के अंतर्गत संचालित गतिविधियां भी निर्धारित योजना के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। डॉ. मंसूरी ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद किया और उनकी पढ़ाई तथा महाविद्यालय से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान विद्यार्थियों ने खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड विकसित करने, क्रीड़ा अधिकारी की पदस्थापना करने तथा पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग रखी। ओएसडी ने विद्यार्थियों की मांगों को गंभीरता से सुना और आवश्यक स्तर पर सकारात्मक प्रयास का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था उत्कृष्ट मिली। विशेष रूप से बाथरूम सहित अन्य स्थानों की स्वच्छता और सुव्यवस्था की ओएसडी ने सराहना की। उन्होंने प्राचार्य अभिषेक पाण्डेय की कार्यशैली, मार्गदर्शन और महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की।



# सड़क हादसा के बाद परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत रतहरा बाईपास पर सड़क हादसे का एक मामला सामने आया है. घटना के बाद मृतक के परिजनों ने कार चालक पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है.**

घटना के संबंध में मृतक प्रखर शुक्ला उर्फ अंशु निवासी शिल्पी कुंज थाना समान के चाचा राहुल शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे प्रखर अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से घर की ओर आ रहा था. इसी दौरान रतहरा बाईपास स्थित नहर के समीप एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके बाद कार सवार युवक ने प्रखर के ऊपर दो से तीन बार कार चढ़ाई. इस दौरान कर बंद हो गई जिसके बाद कार चालक मौके पर कार छोड़कर भाग निकला. राहुल ने बताया कि प्रखर के साथ मौजूद उसके दो दोस्तों को भी मामूली चोटे आई हैं पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है कर और बाइक को जप्त कर लिया है. वही घटनास्थल पर मौजूद समान थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि बाइक और कार की टक्कर हुई है जिसमें बाइक में सवार तीन युवकों में से बीच में बैठे एक युवक प्रकाश शुक्ला की मौत हो गई है जबकि दो युवक मामूली रूप से घायल है. कार को जप्त कर लिया गया है घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है परिजनों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं उसकी भी जांच की जा रही है जांच के बाद ही घटना स्पष्ट हो पाएगी और यह हत्या है या फिर दुर्घटना इसका पता चल पाएगा.

### डायल-112 जवानों ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**सीधी 18 सितंबर,** जिले के अमिलिया थानांतर्गत कोदउरा मंदिर के पास मोटर साईकिल सवार ने एक 50 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी । घटना में व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने और पुलिस सहायता की आवश्यकता है कि सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनांक 18 सितंबर 2026 को दोपहर के 03¬19 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना अमिलिया में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक रामचरित पाण्डेय एवं पायलेट विनोद गुप्ता ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर बताया कि पैदल जा रहे 50 वर्षीय व्यक्ति को मोटर साईकिल सवार ने टक्कर मार दिया था, जिससे व्यक्ति घायल हो गया । डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल व्यक्ति को एफआरव्ही वाहन की मदद से तत्काल शासकीय हॉस्पिटल अमिलिया में भर्ती कराया, जहां घायल व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।

# साढ़े 14 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## केल्हारी, छत्तीसगढ़ से लाया गया था गांजा - आरोपी कर रहे थे परिवहन

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितंबर, कुसमी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14.484 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल सहित 2,21,844 रूपये का मशरूका जप्त किया। गणेश उत्सव सुरक्षा व रात्रि गश्त के दौरान पोंडी में गांजा पकड़ा गया ।**




केल्हारी, छत्तीसगढ़ से गांजा लाया गया था जिसका आरोपी परिवहन कर रहे थे । पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी कुसमी संतोष कुमार तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कुसमी निरीक्षक अरुणा द्विवेदी के नेतृत्व में चौकी पोंडी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 14.484 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 17 सितंबर 2026 की रात्रि लगभग 01¬28 बजे चौकी पोंडी पुलिस टीम ग्राम पोंडी स्थित सहकारी बैंक के सामने रात्रि गश्त एवं गणेश उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थी। इसी दौरान ददरी तरफ से एक हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-18-एमबी -4081 आती दिखाई दी, जिस पर एक पुरुष चालक के साथ महिला सवार थी। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किए जाने पर चालक पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को रोककर पूंछताछ की। उनके पास रखे दो बैगों के संबंध में पूंछताछ करने पर उनमें गांजा होना बताया गया। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए दोनों बैगों की तलाशी लेने पर 14 पैकेटों में कुल 14.484 किलोग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 1,44,844 रूपये बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी में श्याम सुंदर कुशवाहा पिता रामभरोसे कुशवाहा उम्र 54 वर्ष, निवासी उडैसा, चौकी पथरौला, थाना मडवास, जिला सीधी एवं प्रेमवती सिंह पति लक्ष्मी नारायण सिंह उम्र 42 वर्ष, निवासी बरहाई, चौकी पथरौला, थाना मडवास, जिला सीधी शामिल हैं।

# ईपीएफओ ने वेतन सीमा बढ़ाकर 25 हजार की अनिवार्य कवरेज का होगा विस्तार

## वृद्धि सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नवभारत न्यूज

**सतना 18 सितंबर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। यह वृद्धि 17 सितंबर 2026 को विश्वकर्मा जयंती और सेवा दिवस से प्रभावी की गयी है।**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित इस निर्णय से बड़ी संख्या में अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य रूप से ईपीएफओ कवरेज के दायरे में आ जाएंगे। इससे वैधानिक सामाजिक सुरक्षा संरक्षण तक पहुंच का विस्तार होगा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-द्ध, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर, श्री कैलाश चन्द्र जोशी ने सभी नियोक्ताओं से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अध्याय-III तथा उसके अधीन बनाई गई योजनाओं के लागू प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारी जिनका मासिक पीएफ वेतन 25,000 तक है और जो पूर्व निर्धारित 15,000 की वेतन सीमा के कारण भविष्य निधि के दायरे में शामिल नहीं हो सके थे, उनकी पात्रता की समीक्षा कर, लागू प्रावधानों के अनुसार उन्हें भविष्य निधि के दायरे में लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार, ऐसे मौजूदा सदस्यों के संबंध में, जिनका भविष्य निधि अंशदान पूर्व में 15,000 की वेतन सीमा तक सीमित था, जहाँ लागू प्रावधानों के अनुसार आवश्यक हो, उनके अंशदान को 25,000 की संशोधित सीमा के संदर्भ में पुनर्निर्धारित किया जाए। उन्होंने सभी नियोक्ताओं से अपने पेरोल एवं अनुपालन प्रणालियों की समीक्षा और आवश्यक अद्यतन करने तथा पात्र कर्मचारियों के संबंध में लागू सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति माह किया जाना श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे बड़ी संख्या में कर्मचारी ईपीएफओ योजनाओं के तहत भविष्य निधि बचत, पेंशन और बीमा सुरक्षा का लाभ उठा सकेंगे।

# कामता टोला में अवैध भवन की चौथी मंजिल में भड़की भीषण आग

## ऊपर फंसे 3 लोगों का किया गया रेस्क्यू, कड़ी मशक्कत कर फायर फाइटर्स ने पाया काबू

नवभारत न्यूज

**सतना 18 सितंबर. शहर के कामता टोला क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाद अचानक उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब वहां पर मौजूद एक भवन की चौथी मंजिल में भीषण आग भड़क उठी. मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन, निगम प्रशासन, ननि का दमकल अमला और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरु किया. भवन के ऊपर फंसे 3 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू करने के बाद फायर फाइटर्स द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया गया.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के कामता टोला क्षेत्र में स्थित विपिन गुप्ता के मकान की चौथी मंजिल में शुक्रवार की दोपहर लगभग सवा 1 बजे आग भड़क उठी. भवन की ऊपरी मंजिल से काला धुआं निकलता देख आस पास के लोगों में दहशत फैल गई. आनन-फानन में घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई. ननि के फायर शाखा अमले ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरु किया.

इसी दौरान यह जानकारी सामने आई कि घर के अंदर 5 लोग फंस गए हैं. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर योगेश ताम्रकार, निगमायुक्त डॉ. नागार्जुन डी गौड़ा, एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया, सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया. अधिकारियों द्वारा एनाउंस करते हुए आस पास के लोगों को दूर जाने की चेतावनी दी जाने लगी. जिसके चलते पुलिस बल द्वारा लोगों को दूर हटाया जाने लगा. वहीं घर के अंदर फंसे 2 लोग तो किसी तरह निकलकर बाहर आ गए. लेकिन भवन के छत पर दो लड़कियां और एक लड़का फंसे रहे. जिसे देखते हुए ननि की हाइड्रोलिक सिस्टम युक्त दमकल यानी लिफ्टर को मौके पर लाया गया. लेकिन जब उससे काम नहीं बना तो पुलिस और फायर फाइटर्स द्वारा लंबी लचीली सीढ़ी को पड़ोस की छत से प्रभावित घर की छत पर फेंका गया. सीढ़ी को छत पर फंसाने के बाद ऊपर फंसे पूजा सोधिया, कमल सोंधिया और पवन कुशवाहा को एक एक करके नीचे उतारा गया. एहतियातन तीनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया. वहीं दूसरी ओर ननि के फायर फाइटर्स द्वारा काफी देर तक कड़ी मशक्कत करते हुए किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया. जिसके चलते प्रशासन सहित स्थानीय आमजन ने राहत की सांस ली.

**तंबाकू का भण्डारण-** प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्ता परिवार तंबाकू कारोबार से जुड़ा हुआ है. जिसके चलते भवन की ऊपरी मंजिल पर तंबाकू का काफी मात्रा में भण्डारण भी पाया गया. बताया गया कि अग्निदुर्घटना के बावजूद परिवार के सदस्यों द्वारा तंबाकू के उक्त भण्डारण को छिपाने का काफी प्रयास भी किया गया. वहीं आग लगने का प्रारंभिक कारण ऊपरी मंजिल पर एसी चलने से शार्ट सर्किट होना बताया गया. लेकिप कुछ लोगों द्वारा वहां पर पूजा-पाठ चलने की जानकारी भी दी गई. हलांकि इस संबंध में परिजनों के जरिए काफी विरोधाभासी जानकारी सामने आई. लेकिन फायर शाखा द्वारा जांच करने के बाद ही वस्तु स्थिति सामने आ सकेगी.

### सील किया गया भवन



ननि से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त 2 मंजिला भवन को अनुमित नहीं मिली हुई थी . जिसके चलते पूर्व में ही भवन संचालक को पूर्व में ही नोटिस जारी किया जा चुका था . वहीं भीषण आग की गर्मी के चलते भवन की तीसरी और चौथी मंजिल में बड़ी दरारें आ चुकी थीं . आलम यह रहा कि दमकल द्वारा आग बुझाने के लिए छोड़ा जा रहा पानी उक्त दीवार की दरों से बहकर बाहर आ रहा था . वहीं आग पर नियंत्रण पाने के बाद जब ननि की फायर टीम ने अंदर प्रवेश किया तो वहां पर अत्यधिक तापमान के चलते हादसे का अंदेशा साफ नजर आया . जिसे देखते हुए घर के सभी निवासियों को बाहर कर मकान को सील कर दिया गया .

### मशीन में लगे हैं 4 स्टैबिलाइजर



ननि की फायर शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाइड्रोलिक सिस्टम से युक्त दमकल अथवा लिफ्टर में आधुनिक माने जाने वाले 4 स्टेबिलाइजर लगे हुए हैं . इस विशेष तकनीक की विशेषता यह है कि जब तक चारों स्टैबिलाइजर्स को बिलकुल समतल प्लेटफार्म नहीं मिल जाता तब वे नहीं खुलते हैं . समतल प्लेटफार्म का होना इसलिए भी आवश्यक माना जाता है कि ऊपर की ओर जाने वाले फायर फाइटर्स पूरी तरह सुरक्षित रहें . कामता टोला में समतल प्लेटफार्म नहीं मिलने के कारण हाइड्रोलिक पूरी तरह नहीं खुल पाए . गौरतलब है कि समतल प्लेटफार्म के आभाव में हाइड्रोलिक सिस्टम को ऊपर उठाने के चलते ग्वालियर में फायर फाइटर्स दुर्घटना का शिकार हो गए थे .


**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)**
मुख्य कार्यालय : प्लेट ए, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक-क्क
ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

**सार्वजनिक नोटिस**

**भर्ती से जुड़े धोखाधड़ी वाले संदेशों/सूचनाओं से सावधान रहें**

एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) नौकरी के उम्मीदवारों और आम लोगों को EPFO के नाम पर जारी किए गए नकली अपॉइंटमेंट/ऑफर लेटर, कॉल/इंटरव्यू लेटर, पहचान पत्र और धोखाधड़ी वाले अन्य संदेशों/सूचनाओं से सावधान रहने की सलाह देता है।

EPFO में पदों के लिए भर्ती केवल तय और विधिवत अधिसूचित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है और, जहाँ लागू हो, UPSC, SSC, IBPS आदि जैसी अधिकृत भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। EPFO निजी व्यक्तियों, एजेंटों, बिचौलियों या अनधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं करता है, और न ही यह किसी को भर्ती, नियुक्ति, दस्तावेज सत्यापन, जॉइनिंग या पोस्टिंग के लिए पैसे मांगने या इकट्ठा करने के लिए अधिकृत करता है।

**आम जनता को सलाह दी जाती है कि:**

1. भर्ती से जुड़ी सभी जानकारी सिर्फ EPFO की आधिकारिक वेबसाइट और संबंधित भर्ती एजेंसी की वेबसाइट से ही वेरिफाई करें।
2. भर्ती या नियुक्ति के सिलसिले में पैसे की मांग पर कोई पेमेंट न करें और न ही उसका जवाब दें।
3. OTP, पासवर्ड, बैंकिंग जानकारी या कोई अन्य गोपनीय/व्यक्तिगत जानकारी अनधिकृत लोगों के साथ शेयर न करें।
4. EPFO में पक्का सिलेक्शन या नियुक्ति के वादों से सावधान रहें।
5. भर्ती से जुड़े किसी भी मैसेज या जानकारी पर कार्रवाई करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच कर लें।

धोखाधड़ी वाले किसी भी संदिग्ध कम्युनिकेशन को सुरक्षित रखा जा सकता है और इसकी सूचना संबंधित कानून लागू करने वाली अथॉरिटी को दी जा सकती है।
धोखाधड़ी वाले कम्युनिकेशन पर भरोसा करने या अनधिकृत व्यक्तियों को किए गए पेमेंट से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए EPFO ज़िम्मेदार नहीं होगा।

**CBC 23109/11/0001/ 2627**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99